Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding release of funds for construction of Post Matric Girls' Hostel in Jabalpur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर में 500 सीटर पिछड़ा पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन निर्माण के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार को द्वितीय किश्त की राशि स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है । अध्यक्ष जी, प्रथम किश्त की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी भेजा जा चुका है, किंतु दूसरी किश्त अब तक जारी नहीं हो सकी है ।

अत: मैं माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा किया जा सके, इस हेतु कृपया अंतिम किश्त की शेष राशि को जारी करने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ।